Dr. Girija Uraon
Associat professor
Depatt of psychology
Rohtas mahila college, Sasaram
B.A. part-II paper III Group A

(5) उपकल्पना में अनुभाविक प्रसंग सन्निहित होना चाहिए (A hypothesis should have empirical reference):- उपकल्पना ऐसी होनी चाहिए जिसका संबंध बौद्धिक और अनुभाविक प्रसंगों से हो। नैतिक निर्णयों के आधार पर कोई भी अच्छी उपकल्पना विकसित नहीं की जा सकती। दूसरे शब्दों में मूल्यों (values) संबंधी निर्णयों का अध्ययन एक उपकल्पना द्वारा किया जा सकता है परन्तु इस प्रकार के अध्ययनों को नैतिक उपदेशों से विलग रखना चाहिए अर्थात् उन्हें नैतिक मूल्यों के आधार पर स्वीकार नहीं करना चाहिए।

(6) उपकल्पना प्रत्ययात्मक दृष्टि से स्पष्ट होनी चाहिए (The hypothesis must be conceptually clear):- किसी उपकल्पना को अच्छा बनाने के लिए यह आवश्यक है कि उसमें सन्निहित प्रत्ययों की स्पष्ट व्याख्या की गई हो, यदि संभव हो तो संक्रियात्मक (operationally) रूप से उनकी परिभाषा करनी चाहिए। दूसरी बात यह है कि परिभाषाएँ ऐसी होनी चाहिए जो सामान्य व्यक्ति को स्वीकार हों। वे परिभाषाएँ व्यक्तिगत नहीं होनी चाहिए।

(7) उपकल्पना विशिष्ट होनी चाहिए (A hypothesis must be specific):- उपकल्पना को विशिष्ट होना चाहिए अर्थात् उसमें इंगित समस्त प्रक्रियाओं और संभावनाओं का स्पष्ट रूप से वर्णन होना चाहिए। इस प्रकार उपकल्पना के वास्तविक परीक्षण की संभावनाएँ बढ़ जाती है। प्रायः उपकल्पनाएँ इस प्रकार के सामान्य और विस्तृत शब्दों में वर्णित होती है कि उनका परीक्षण असंभव हो जाता है। अतः उपकल्पना को विशिष्ट रूप से

Scanned with CamScanner

वर्णित करना चाहिए। विशिष्टता से हमारा तात्पर्य है प्रकार की विशिष्टता से है - परिवर्तियों की विशिष्टता और वितरण की विशिष्टता। इसका विस्तृत वर्णन 'उपकल्पना के अध्याय' के अन्तर्गत आया है।

(3.) उपकल्पना किसी सिद्धान्त से संबंधित होनी चाहिए (A hypothesis should be related to a body of theory):— एक अच्छी उपकल्पना का संबंध किसी-न-किसी सिद्धान्त से अवश्य होना चाहिए। ऐसी ~~उपकल्प~~ उपकल्पना जिसका किसी सिद्धान्त से से संबंध नहीं होता, विज्ञान के विकास में सहायक नहीं हो सकती है। बिना यह ज्ञात किए हुए कि कोई उपकल्पना किसी सिद्धान्त को विकसित करेगी या पुष्ट करेगी, उसका परीक्षण करना व्यर्थ होता है। क्योंकि अलग-2 पड़े तथ्य विज्ञान के लिए व्यर्थ होते हैं।

(4.) उपकल्पना, उपलब्ध तकनीकी से संबंधित होनी चाहिए (A hypothesis should be related to avilable techniques):— केवल वही उपकल्पनाएँ उत्तम होती हैं जिनके परीक्षण के लिए तकनीकी साधन वर्तमान में उपलब्ध हों। इसका यह अर्थ नहीं है कि ऐसी उपकल्पनाएँ विकसित न की जाएँ, जो वर्तमान में हल न हो सके वरन् इस प्रकार की उपकल्पनाओं को "भावी हल-युक्त" वर्ग में रखना चाहिए।